7 आदेश

मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
मंत्रालय, भोपाल।
:: आदेश ::

भोपाल, दिनांक 04.2013

क्रमांक एफ 16–16/2013/बी–ग्यारह : मेसर्स केविओ पिनेकल इंडिया प्रा. लि. द्वारा प्रस्तावित ऑटोमोबाइल कम्पोनेन्ट परियोजना हेतु औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर, जिला धार में वैकल्पिक भूमि आवंटन के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत अभ्यावेदन के संबंध में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया कि मेसर्स केविओ पिनेकल इंडिया प्रायवेट लिमिटेड को परियोजना हेतु शीर्ष स्तरीय निवेश संवर्धन साधिकार समिति की बैठक दिनांक 11.10.2012 में लिए गए निर्णय अनुसार औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर के भूखण्ड क्रमांक 816, 817 एवं 818 की लगभग 20 एकड़ भूमि के स्थान पर भूखण्ड क्रमांक 826, 827 में लगभग 20 एकड़ समतुल्य भूमि का परिवर्तित आवंटन पूर्व में किए गए आवंटन के समय प्रचलित प्रीमियम दर पर करने को निम्न आधार पर मान्य किया जावे–

(1) कम्पनी द्वारा अक्टूबर 2012 में आवंटित भूखण्ड का पूर्ण प्रीमियम तथा अन्य शुल्क म.प्र. औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, (इंदौर) लि. इंदौर को तत्समय चुका दिया था;

(2) आवंटित भूमि पर इंडियन बैंक द्वारा पूर्व आवंटी से ऋण वसूली हेतु सारफीसी एक्ट, 2002 (SARFAESI- Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Act, 2002) में दर्ज न्यायालयीन प्रकरण के दृष्टिगत निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका; एवं

(3) परियोजना में स्पेन की कम्पनी द्वारा 50 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश किया जाना है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

(एम.एस. सोलंकी)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

पृ क्रमांक एफ 16–16/2013/बी–ग्यारह,
भोपाल, दिनांक 24–04.2013
प्रतिलिपि,

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग/वाणिज्यिक कर विभाग, भोपाल।
3. उद्योग आयुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल।
4. प्रबंध संचालक, म.प्र. ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कॉर्पोरेशन लि./एमपी स्टेट इन्डस्ट्रियल डेव्हलपमेन्ट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल। कम्पनी को निर्धारित समयावधि में प्रस्तावित निवेश करने सम्बंधी अनुबंध एम.पी. ट्राइफेक के साथ निष्पादित करना होगा।
5. श्री सुधीर मेहता, संचालक, मेसर्स केविओ पिनेकल इंडिया प्रा. लि., बी–203, आईसीसी ट्रेड टॉवर, एस बी रोड, पुणे–411007, महाराष्ट्र। कम्पनी को निर्धारित समयावधि में प्रस्तावित निवेश करने सम्बंधी अनुबंध एम.पी. ट्राइफेक के साथ निष्पादित करना होगा।
6. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश औद्योगिक केन्द्र विकास निगम लि., इंदौर।
7. महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, पीथमपुर जिला– धार म.प्र.।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग